'साहित्यकार का काम समाज में समरसता व समन्वय एवं संवेदना स्थापित करना है'

- राजाराम स्वर्णकार की कहानियों में समाज और परिवार को जोड़ने का संदेश दिया गया है
- साहित्यकार राजाराम स्वर्णकार की दो पुस्तकों पर की चर्चा

बीकानेर,(कासं)। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की बीकानेर इकाई द्वारा पाठक पर्व मासिक श्रृंखला के अंतर्गत कवि-कथाकार राजाराम स्वर्णकार की दो पुस्तकों पर चर्चा स्थानीय नागरी भंडार स्थित महारानी सुदर्शना कला दीर्घा में आयोजित की गई।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद-आलोचक साहित्यकार डॉ. उमाकांत गुप्त एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. विमला डूकवाल थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर अखिलानन्द पाठक ने की। इस आयोजन में राजाराम स्वर्णकार के कविता संग्रह तीसरी आंख का सच की समीक्षा, हास्य व्यंग्य कवि बाबूलाल छंगाणी बमचकरी और कहानी संग्रह बिंध गया सो मोती की समीक्षा शिक्षाविद-साहित्यकार डॉक्टर मूलचंद बोहरा ने की। मंचीय उद्बोधन देते हुए डॉ. विमला डूकवाल ने कहा साहित्य समाज के लिए आवश्यक होता है जो पीढी को गढ सकता है।

मुख्य अतिथि डॉ. उमाकांत गुप्त ने कहा कि साहित्य समाज को शिक्षित और परिष्कृत करने का तत्व है। किसी शर्तों में बांधकर साहित्य सृजन संभव नहीं होता, अगर ऐसा होता है तो वो साहित्य की श्रेणी में नहीं विज्ञापन के समकक्ष होता है। साहित्य में रचने वाले के मौलिक विचार से ही वो मौलिक साहित्य की श्रेणी में आयेगा अन्यथा वो मांग पर तैयार प्रोडेक्ट से अधिक कुछ नहीं है। इससे प्रत्येक साहित्यकार को बचना अति आवश्यक है। ये काम स्वर्णकार की लेखनी में स्पष्ट झलकता है।

साहित्यकार राजाराम स्वर्णकार की दो पुस्तकों पर आयोजित चर्चा को मुख्य अतिथि डॉ. उमाकांत गुप्तने संबोधित किया।

अध्यक्षता करते हुए डॉ. अखिलानंद पाठक ने कहा कि साहित्य का कार्य समाज में समरसता, समन्वय एवं संवेदना स्थापित करना है। राजाराम स्वर्णकार की कहानियों में समाज और परिवार को जोड़ने का संदेश दिया गया है। भारतीय संस्कारों को प्रतिस्थापित करने वाली कहानी नेह की सरिता के माध्यम से जात-पांत को हटाकर प्रेम स्नेह और संवेदना को स्थापित किया गया है। समाज का समग्र विकास तभी होगा जब हम मूल्यपरक, संस्कार परक शिक्षा कहानियों के माध्यम से नई पीढ़ी में पहुंचायेंगे। राजाराम ने यह काम अपने साहित्य में बखूबी किया है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में कवयित्री गायिका डॉ. ज्योति वधवा रंजना ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कहानी संग्रह बिंध गया सो मोती की समीक्षा करते हुए डॉक्टर मूलचंद बोहरा ने कहा कि बिंध गया सो मोती की कहानियां संवेदना, व्यंजना तथा कल्पना की त्रिवेणी से पूरी तरह आप्लावित है। इन कहानियों में दुनियां को श्वेत श्याम की जगह ग्रे रूप में वर्णित किया गया है। ये कहानियां मनोविज्ञान और समाज विज्ञान के नए विमर्श की मांग करती है। कविता संग्रह तीसरी आंख का सच की समीक्षा में बाबूलाल छंगाणी ने कहा कि यह पुस्तक वो च्यवनप्राश है जो विभिन्न काव्य विधाओं को मिलाकर बना है जो पाठक को तरो ताजा रखने में सहायक है।

पुस्तक चर्चा में अपनी बात रखते हुए लेखक कवि-कथाकार राजाराम स्वर्णकार ने कहा कि मैंने यथार्थ में जो अनुभूत किया, जिस जीवन शैली को नजदीक से देखा, मेरे आस-पास के वातावरण में जो घटित हुआ उस कथानक को मैंने अपनी कविताओं एवं कहानियों में सहज और सरल शब्दों में ढालने का प्रयास किया है। राजाराम स्वर्णकार की पुस्तकों की चर्चा में सहभागिता करते हुए वास्तु मार्तंड के. के. शर्मा ने कहा कि राजाराम स्वर्णकार द्वारा रचित कहानी संग्रह की कहानियों का कथानक बहुत ही कसावट लिए हुए है। उसके नारी पात्र जीवन की विभिन्न विकट स्थितियों का सामना कर रहे हैं। यह परिस्थितियां चाहे पारिवारिक संबंधों की विषमता की हों या आर्थिक तंगी की हों लेकिन उन्होंने संस्कारों को नहीं छोड़ा। मजबूरी में भी चरित्र को धूमिल नहीं होने दिया। यह कहानी संग्रह वर्तमान परिपेक्ष्य में एक उत्कृष्ट मार्गदर्शक के रूप में उभर कर सामने आया है।

व्यंग्यकार, लेखक-संपादक प्रोफेसर अजय जोशी ने कहा कि राजाराम स्वर्णकार आमजन की पीड़ा और भावनाओं को अभिव्यक्त करने वाले साहित्यकार हैं। इनकी भाषा सरल सहज और संप्रेषणीय है। अपनी बात रखते हुए शिक्षाविद साहित्यकार राजेन्द्र जोशी ने कहा कि राजाराम स्वर्णकार समाज और परिवेश में जो देखते हैं उसके आधार पर ही अपनी रचनाओं का ताना बाना बुनकर प्रस्तुत करते हैं।

शिविर में 105 यूनिट रक्तदान

श्रीगंगानगर, (कासं)। पूर्व सैनिक सुमेर सिंह की स्मृति में श्रीविजयनगर सेवा समिति ने रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 105 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

रक्तदान शिविर के इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। उन्होंने बताया कि रक्तदान से जरूरतमंदों की जान बचती है। शरीर में नई ऊर्जा आती है। रक्त निर्माण की प्रक्रिया तेज होती है। क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष बिशन सिंह ने कहा कि कई लोग रक्तदान से डरते हैं, जबकि यह पुण्य कार्य है। एक यूनिट रक्त से एक जान बच सकती है। उन्होंने सभी से समय-समय पर रक्तदान करने की अपील की।

शिविर में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इनमें बिशन सिंह, अनूप सिंह, पदम सिंह, सरपंच प्रहलाद सिंह, समंदर सिंह, गुरनाम सिंह, गोपाल मेघवाल, बिट्टू मिढ़ा, लज्जा मिढ़ा, गिरधारी सिंह जैतसर, एडवोकेट जितेंद्र सिंह, पार्षद कपिला, अजीत सिंह, चतुर्भुज तिवाड़ी, रविन्द्र सिंह, महताब सिंह, फौजी सुरेन्द्र सिंह, भूपेंद्र सिंह मास्टर, धीरेन्द्र सिंह, इंद्रपाल सिंह, वीडीओ बलजिंद्र सिंह और शंकर सिंह शामिल थे।

शिविर में सभी रक्तदाताओं को सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया। भविष्य में भी स्वेच्छा से रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। समिति ने सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों का आभार जताया। गौरतलब है कि यह रक्तदान शिविर पूर्व सैनिक सुमेर सिंह राठौड़ की चौथी पुण्यतिथि पर विजयनगर सेवा समिति द्वारा लगाया गया है। पूर्व सैनिक सुमेर सिंह राठौड़ 1965 और 1971 पाकिस्तान युद्ध के समय सेना में कार्यरत थे।

सार-समाचार

ट्रॉफी पर जेएमडीवीसीसी का कब्जा

पूर्व रणजी खिलाड़ी राजकुमार झंवर ने अशोक ओहरी प्रथम क्रिकेट ट्रॉफी से जेएमडीवीसीसी को नवाजा।

बीकानेर, (कासं) जिला क्रिकेट संघ बीकानेर के तत्वावधान में चल रही प्रथम अशोक ओहरी जिला सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को सार्दुल क्लब क्रिकेट मैदान में खिताबी मुकाबले में जेएमडीवीसीसी ने ए जी खान को 3 विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। प्रवक्ता शंकर सेवग ने बताया कि एजी खान की टीम पहले खैलते हुए 31 ओवर में 7 विकेट पर 177 रन बनाये। जिसमें जुबेर अली ने शानदार 89 रन, विनोद चावरिया ने 36 रन व योगेश ने 19 रन बनाये। जेएमडीवीसीसी के निर्मल विश्नोई ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए। रोहित, हर्षवर्धन, विशाल ने ने दो दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करती हुई जेएमडीवीसीसी ने 26 ओवर में 7 विकेट खोकर 179 बना कर मैच 3 विकेट से जीत लिया। कप्तान विशाल हर्ष ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 78 रन व विनोद कुमावत ने भी 66 रन बनाये। एजी खान टीम के शैफ अली ने 3 विकेट, शायर सिंह ने 2 विकेट, संजय व रिजवान ने भी एक एक विकेट लिए फाइनल मैच के मैन ऑफ दी मैच विशाल वर्ष रहे। प्रतियोगिता प्रभारी अफरोज खान ने बताया कि मैच समाप्त के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व रणजी खिलाडी रामकुमार झंवर, विशिष्ट अतिथि पीएनवी के डी जी एम राजेन्द्र मोहन शर्मा, मनोज कुमार गौड, चंदू पणिया, कैलाश चौधरी, योग प्रशिक्षक शिवरतन तम्बोली, संघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र झांब ने अशोक ओहरी को पुष्प अर्पित किये। उसके बाद सभी खिलाड़ियों व अम्पायर को अपने हाथों से पुरस्कार दिये। संयुक्त सचिव अनिल सिडाना ने बताया कि मैन ऑफ दी सीरिज जुबेर अली रहे। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज शैफ अली व सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज विनोद कुमावत रहे। फाइनल मैच के अम्पायर राजेश सुथार व चांद मोहम्मद थे। संचालन राजकुमार जोशी ने किया। इस अवसर पर दिनेश विश्नोई, मेहन्द्र पुरोहित, प्रकाश चूरा, कौशल देवडा, गिरिराज पुरोहित, महेन्द्र सहित क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे।

6000 ने दी नीट-यूजी परीक्षा

बीकानेर में नीट परीक्षा देकर सेन्टर से बाहर आते परीक्षार्थी।

बीकानेर, (कासं)। नीट-यूजी 2025 परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। एक्सपर्ट एनालिसिस के अनुसार फिजिक्स के साथ जूलॉजी और बॉटनी के प्रश्न भी उलझन भरे रहे जिससे मेरिट प्रभावित हो सकती है। एक्सपर्ट भूपेन्द्र मिढ्ढा के अनुसार फिजिक्स और केमिस्ट्री के सवाल काफी कठिन थे। केमिस्ट्री में पहली बार मल्टीपल करेक्ट ऑर्डर के सवाल आये जिनमें कई सही विकल्पों में से श्रेष्ठतम चुनना था। जूलॉजी-बॉटनी में 5-7 सवाल ऐसे थे जिनके लिए रटंत विद्या काफी नहीं थी। पिछले साल की गड़बड़ी के बाद एनटीए का रूख कड़ा हुआ है, जिससे पेपर उम्मीद से भी कठिन रहा। बीकानेर के 19 केन्द्रों पर 6000 से अधिक परीक्षार्थियों की सघन जांच की गई। छात्राओं की कानों और चोटियों तक की जांच हुई। पहली बार जिला कलेक्टर की सीधी निगरानी में परीक्षा हुई। सिर्फ सरकारी स्कूलों को केन्द्र बनाया गया और केन्द्रीय विद्यालय के प्रिंसिपल को कॉर्डिनेटर नियुक्त किया गया। कहीं से कोई गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली।

करंट से युवक की मौत

नोखा, (कासं)। नोखा में रविवार को चुंगी चौकी के पास एक मकान में बिजली फिटिंग का काम करने के दौरान एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। लखारा चौक निवासी मनोज लखारा रविवार दोपहर एक बजे फिटिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसे करंट लग गया। करंट लगने से वह बेहोश हो गया। परिजन तुरंत उसे नोखा के जिला अस्पताल ले गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने मनोज को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही नोखा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया। मृतक के पिता शिवलाल ने नोखा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

क्रिकेट सट्टा बुकी गिरफ्तार

बीकानेर, (कासं)। नाल थाना पुलिस ने करमीसर में क्रिकेट सट्टा कर रहे एक बुकी को गिरफ्तार कर लाखों रूपए का हिसाब बरामद किया है। पुलिस को करमीसर के 13 मंजिला बिल्डिंग में एक फ्लैट में आईपीएल में क्रिकेट मैच पर सट्टा किए जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर दबिश दी और वहां बुकी नत्थूसर बास में मालियों का मोहल्ला निवासी चेतन प्रकाश सांखला को गिरफ्तार कर अभियुक्त से चार एंड्राइड मोबाइल, लैपटॉप और लाखों रूपए का हिसाब मिला है।

एमसीएच बिल्डिंग में जनाना अस्पताल शिफ्ट करने की कवयाद

- पीबीएम अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र कुमार वर्मा ने हाल ही में एमसीएच बिल्डिंग को लेकर एक फैक्चुअल रिपोर्ट सीएमओ को भेजी

बीकानेर,(कासं)। पीबीएम हॉस्पिटल में मात्र एवं शिशु कल्याण केन्द्र (एमसीएच) की बिल्डिंग में जनाना अस्पताल शिफ्ट करने की कवायद शुरू हो गई है। इसके लिए अब नक्शा तैयार कराया जायेगा।

पीबीएम अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र कुमार वर्मा ने हाल ही में एमसीएच बिल्डिंग को लेकर एक फैक्चुअल रिपोर्ट भेजी है। रिपोर्ट में बताया है कि जनाना अस्पताल शिफ्ट करने के लिए बिल्डिंग में मॉड्यूलर ओटी, दो लिफ्ट, आधुनिक लेबर रूम, दो जेनरेटर और मैन पावर की जरूरत होगी। नए सिरे जनाना अस्पताल के लिए पूरा प्रोजेक्ट तैयार होगा, जिसके लिए स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वाति कोचर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कोचर की देखरेख में इसका तखमीना इंजीनियरों की एक समिति तय करेगी, उसकी प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

दरअसल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के बजट से 2016 में एमसीएच की तीन मंजिला बिल्डिंग का निर्माण कराया गया था। अब इसका फर्श और दीवारों पर से टाइल्स उखड़ने लगी हैं। बिल्डिंग की मेंटिनेंस तक नहीं हो पा रही है। ग्राउंड फ्लोर पर ओपीडी, फर्स्ट फ्लोर पर वार्ड और सेकंड फ्लोर पर ऑपरेशन थिएटर व आईसीयू बनाया गया। पीबीएम की जनाना विंग को यहां शिफ्ट किया जाना था। महिलाओं के प्रसव से लेकर बच्चादानी सहित सभी तरह के उपचार और ऑपरेशन की सुविधा इस बिल्डिंग में विकसित करने की मंशा थी, लेकिन नौ साल बाद भी ग्राउंड फ्लोर पर केवल आउटडोर ही शुरू हो पाया है। ऑपरेशन थिएटर बंद हैं। मेन बिल्डिंग से वार्ड भी शिफ्ट नहीं किए जा सके हैं। गौरतलब है कि पीबीएम जनाना अस्पताल करीब 200 बैड क्षमता का है, जबकि वहां 300 मरीज तक भर्ती करने पड़ते हैं। लेबर रूम भी छोटा है। एमसीएच बिल्डिंग का उपयोग कोरोनाकाल में हुआ था। उस वक्त 450 मरीज तक भर्ती किए जाते थे। पास ही मेडिकल लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट भी लगाया गया। वहां से ऑक्सीजन की सीधी सप्लाई आईसीयू और वार्डों में दी गई थी। यदि वहां पर जनाना विंग शिफ्ट होती है तो ऑक्सीजन की सप्लाई के लिए सिलेंडरों की जरूरत नहीं पड़ेगी।

पेट्रोल पंप लूट का आरोपी गिफ्तार

नोखा, (कासं)। पुलिस ने वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। नोखा वृत की पुलिस थाना जसरासर ने पेट्रोल पंप लूट के मामले में 10 हजार रूपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि आरोपी प्रेम उर्फ ओमप्रकाश (28) नागौर जिले के सुरपालिया थाना क्षेत्र का रहने वाला है। यह मामला 11 अप्रैल का है। आरोपी ने अपने चार साथियों के साथ बिना नंबर की स्वीफ्ट कार से कई पेट्रोल पंपों पर लूट की वारदातें की। पहले श्रीबालाजी थाना क्षेत्र के गंठीलासर गांव के पेट्रोल पंप पर लूट का प्रयास किया। सेल्समैन की सतर्कता से वहां असफल रहे। इसके बाद बीकानेर-नागौर राजमार्ग पर चरकड़ा गांव के पेट्रोल पंप से रूपये और मोबाइल लूटे। बदमाशों ने नोखा, मुकाम और काकड़ा होते हुए जसरासर के जसनाथ पेट्रोल पंप पर भी लूट की। फिर उड़सर ,झाड़ेली और थावरिया होते हुए मैनसर पेट्रोल पंप पर वारदात की।

सब्जी विक्रेता से मारपीट कर 18 हजार की लूट

- लूट की वारदात को तीन युवकों ने अंजाम दिया

श्रीगंगानगर, (कासं)। सब्जी मंडी जा रहे एक व्यापारी को रामलीला मैदान के निकट पटककर बुरी तरह पीटा गया। फिर उससे नकदी लूट ली गई।

यह वारदात तीन युवकों द्वारा अंजाम दी गई। लूट की सूचना तत्काल दिए जाने के 45 मिनट बाद कोतवाली की दो गाडियां एक साथ मौके पर पहुंची। पीडित को साथ पुलिस कंट्रोल रूम ले गए। दिनभर सीसीटीवी कैमरे खंगाले। देर रात तक मुकदमा ही दर्ज नहीं किया। पीडित इंदिरा कॉलोनी की गली नंबर 12 निवासी सब्जी कारोबारी सुरेंद्र धींगड़ा के साथ यह वारदात की गई। मोटरसाइकिल पर आये तीन युवकों ने उनको रोककर सड़क पर पटक लिया। इसके बाद दोनों जेब से 16 से 18 हजार रूपए नकदी लूटकर फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शी अजय कुमार तथा उनकी पत्नी ने शोर मचाया और आरोपियों को पकड़ने की कोशिश भी की। लेकिन आरोपी भाग जाने में सफल रहे। पीडित सुरेन्द्र धींगड़ा ने बताया कि मैं 30 वर्षो से सब्जी का काम कर रहा हूं। सुबह पांच बजे घर से नई धानमंडी के लिए रेहड़ी लेकर रवाना हुआ। रामलीला मैदान के चांडक कोठी रोड वाली सड़क पर जा रहा था। सामने से मोटरसाइकिल पर तीन युवक आये और पास से होकर रामलीला मैदान के ऊपर से होकर वापस आ गए। उन्होंने रामलीला मैदान के उत्तरी गेट पास सामने मोटरसाइकिल लगाकर रोक लिया। एक ने मुझे पकड़कर पीटते हुए नीचे गिरा लिया। दूसरे ने मेरे मुंह पर पैर रखकर दबा दिया। तीसरे ने मेरी जेबों में हाथ मारकर नकदी निकाल ली। डेढ़ से दो मिनट में ही वारदात करके आरोपी भाग गए। मेरे साथ मारपीट की।

पिस्तौल व कारतूस सहित दो गिरफ्तार

- गजसिंहपुर पुलिस ने अलग-अलग मामलों में अवैध हथियार सहित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया

श्रीगंगानगर,(कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव के निर्देशन पर जिले भर में चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ एवं हथियारों की धरपकड़ अभियान के तहत गजसिंहपुर पुलिस ने अलग-अलग मामलों में अवैध हथियार सहित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में पकड़े गए दो आरोपियों से एक अवैध देसी पिस्तौल व तीन कारतूस बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी सीर कौर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीमों ने पवन सिंह (37) पुत्र दर्शन सिंह निवासी गंधेली, थाना रावतसर, जिला हनुमानगढ़ को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने तीन कारतूस बरामद किए। दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने गुरजन्ट सिंह (68) पुत्र जीत सिंह निवासी खिडकियांवाला, थाना कोटभाई, जिला मुक्तसर साहब (पंजाब) को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। पुलिस अब दोनों मामले की जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

नोखा में बारिश होने से गर्मी में राहत

नोखा, (कासं)। नोखा के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हवा के साथ हल्की बारिश हुई। इससे तपती गर्मी से लोगों को राहत मिली है। अलसुबह नोखा सहित उपखंड के आसपास के गांवों में बारिश दर्ज की गई। आसमान में अभी भी बादल छाये हुए हैं।

किसानों के अनुसार ये बारिश मूंगफली की बिजाई के लिए लाभदायक साबित होगी। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी से मिली राहत सुखद है। मौसम विभाग ने अगले एक सप्ताह तक मौसम में बदलाव की भविष्यवाणी की है। राज्य में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से कई इलाकों में मेघगर्जन होगा। साथ ही तेज आंधी, आकाशीय बिजली और वज्रपात के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

नहर में पानी की कमी को लेकर किसानों में आक्रोश

- किसानों ने चेतावनी दी कि 7 मई को गंगासिंह चौक पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ बड़ा आंदोलन किया जायेगा

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले में गंगनहर के किसानों ने रविवार को नहर का निरीक्षण किया। गंगनहर में पानी की भारी कमी को लेकर प्रशासन और सरकार पर गंभीर सवाल उठाए। किसानों ने चेतावनी दी कि 7 मई को गंगासिंह चौक पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ बड़ा आंदोलन किया जायेगा।

निरीक्षण में गंगनहर परियोजना अध्यक्ष हरविंद्र सिंह गिल, झ्ए नहर संगम अध्यक्ष जसकरण सिंह , बहादरपाल सिंह, राजिंद्र सहारण लिखमेवाला, लालचंद बाना ठाकरी, जसराज सिंह , राम सिंह , शमीर सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। हरविंद्र सिंह गिल ने बताया कि गंगनहर की हालत इतिहास में पहली बार इतनी खराब हुई है। इस बार नहरबंदी के बाद केवल 200 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। बाद में इसे 500 क्यूसेक किया गया। किसानों के दबाव और आंदोलन की चेतावनी के बाद 2 मई को गंगासिंह चौक पर 1,500 से अधिक किसान जुटे।

इसके बाद पानी की मात्रा एक बार के लिए 1550 क्यूसेक तक बढ़ाई गई। लेकिन अगले ही दिन इसे घटाकर 850 क्यूसेक कर दिया गया। किसानों ने प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और सरकार पर आरोप लगाया कि पानी की समस्या को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। इसी के चलते 7 मई को गंगासिंह चौक पर बड़ा प्रदर्शन किया जायेगा। पांच मई को गंगानगर के चारों ओर के टोल बंद करवाने की योजना है। इससे प्रशासन का ध्यान खींचा जायेगा। किसानों ने नहर का निरीक्षण कर बताया कि ट्रक यूनियन पुल से आगे 18 बुर्जी तक नहर की हालत बेहद खराब है। ट्रक यूनियन पुल पर तारों का जाल बिछा है।

संभाग स्तरीय स्नेह मिलन समारोह में मीणा समाज के 71 होनहार सम्मानित

- समारोह में मेधावी विद्यार्थियों व विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 71 प्रतिभाओं को सम्मानित किया

बीकानेर,(कासं)। मीणा समाज, अधिकारी-कर्मचारी, संयुक्त महासंघ (समस्त विभाग) का संभाग स्तरीय स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन भीमराव अम्बेडकर व बिरसा मुंडा व मीन भगवान की पूजा-अर्चना के साथ टाऊन हाल में संपन्न हुआ। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों व विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 71 प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह व मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अधिकारी, कर्मचारियों की वाजिब मांगों के समाधान के लिए में हमेशा तैयार हूं।आप जिस भी विभाग में कार्यरत है पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। विशिष्ठ अतिथि बीकानेर विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ. कुलराज मीणा ने कहा कि समाज के युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए तथा सामाजिक कुरीतियों को मिलकर दूर करना होगा। अतिथि के रूप में कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सियाराम मीणा व पीबीएम अस्पताल के सीनियर स्पेशलिस्ट डॉ. मनोज मीना ने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर अपने हक और अधिकारों की बात करनी चाहिए। मुख्य वक्ता शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ. कांता मीना ने कहा कि प्रत्येक बच्चे में कोई ना कोई प्रतिभा होती है। साथ ही ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होते रहना चाहिए। समारोह के संयोजक मोहर सिंह सलावद ने कहा कि सरकार को रोस्टर रजिस्टर का संधारण नियमानुसार करना चाहिए व सभी विभागों में बैकलॉग को भरा जाएं।

मीणा समाज के स्नेह मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह में होनहारों को विधायक जेठानंद व्यास ने स्मृति चिन्ह व मैडल पहनाकर सम्मानित किया।

'शास्त्र से समझे वो पंडित व शस्त्र से मानें वो आंतकवाद'

बीकानेर, (कासं)। राष्ट्रीय कवि चौपाल की 514 वीं कड़ी अन्तर्राष्ट्रीय कवि रविन्द्रनाथ टैगोर को समर्पित रही।

इस विशिष्ट साहित्य सभा की अध्यक्षता राजस्थानी एवं हिन्दी भाषा के वरिष्ठ गीतकार लीलाधर सोनी, मुख्य अतिथि डॉ. शिवकुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि श्याम पंचारिया एवं प्रेमसिंह राजपुरोहित मंच पर सुशोभित हुए। नमस्ते सते तै जगत कारणाय नमस्ते चिते सर्व लोकाश्राय... ईश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष लीलाधर सोनी ने मौलिक लेखन में बांझ न रहजे, साहित्य-काव्य धर्म को समझें, मुख्य अतिथि डॉ. शिवकुमार शर्मा ने स्वास्थ्य एवं साहित्य चौपाल को अनूठा बताया। विशिष्ट अतिथि श्याम पंचारिया ने जीवन में सेवा सहयोग समर्पण, नर तन की योग्यता प्रभो को अर्पण... प्रेमसिंह राजपुरोहित ने इस जीवन की राह में न जाने कौन कहां रह जाएं ... वरिष्ठ शायर कासिम बीकानेरी ने किस्मत की मार खाया मजदूर हैं जहां में हालात से वह अपने मजबूर है जहां में..' गजल के ज़रिए मज़दूर के जीवन की मनोदशा का मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया।

डॉ. कृष्णलाल विश्नोई ने क्या कहना लोगों का लोग तो कह जाते हैं। रामेश्वर साधक ने जो शास्त्र से समझे वो है पंडित.. शस्त्र से मानें वो आंतकवाद.. मधुरिमा सिंह ने संभल जाओ आतंकियों के आका .. राजकुमार ग्रोवर ने मैं बीकानेर निवासी बीकानेर की सैर करवाता हूं... कृष्णा वर्मा ने मिट्टी में वो पल कर बड़ा हुआ तूफानों से लड़कर खड़ा हुआ ... सिराजुद्दीन भुट्टा ने मानों नहीं तो प्रमाण दूं बुढ़ापा आ गया.. राजू लखोटिया, धर्मेन्द्र राठौड़ एवं पवन चड्ढा ने अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में नए रंग भरे। आज विश्व कवि नोबेल सम्मान से सम्मानित पं रविन्द्र नाथ टैगोर की जीवनी, लेखनी को सराहा।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक :- LU2012/SGN/2025-26/101354 **लोक सूचना** दिनांक : 02.05.2025

श्री संदीप सिंह ढिल्लों पुत्र श्री नत्था सिंह ढिल्लों निवासी ए 62 ए, शांति पथ, तिलक नगर, जवाहर नगर, जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्र.सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	चक 5 जैड तहसील व जिला श्रीगंगानगर	श्री संदीप सिंह ढिल्लों पुत्र श्री नत्था सिंह ढिल्लों	चक 5 जैड मुरब्बा नं. 16 के किला नं. 14/3 में 0.0890 हैक्टे. यथाकुल 0.0890 हैक्टे.	कुल 0.0890 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 02.05.2025 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर